दिनांक 26 फरवरी 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

प्रशासक के निर्देश पर निगम अधिकारी कर रहे हैं मॉर्निंग विजिट

-मॉर्निंग विजिट में तेलहानाला की सफाई कार्य देखने पहुंचे निगम के अधिकारी

- तेलहानाला में होना है चैनेलाइजेशन का कार्य , बारिश के दिनों में जलभराव से मिलेगी निजात

भिलाई नगर/ कलेक्टर एवं प्रशासक डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे एवं निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर नगर पालिक निगम भिलाई के अधिकारी प्रतिदिन मॉर्निंग विजिट पर अपने-अपने क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं! आज जोन क्रमांक 4 शिवाजी नगर के जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा मॉर्निंग विजिट के दौरान वार्ड क्रमांक 36 गौतम नगर पहुंचे वहां उन्होंने तेलहानाला का सफाई कार्य एवं दाई-दीदी क्लिनिक का निरीक्षण किया! विगत 6-7 दिनों से तेलहानाला का सफाई कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है! निगम क्षेत्र अंतर्गत तेलहानाला की शुरुआत होने वाले क्षेत्र वार्ड क्रमांक 38 शहीद वीर नारायण सिंह नगर से नाला की सफाई अभियान की शुरुआत की गई है , निरंतर सफाई करते हुए आज वार्ड क्रमांक 36 गौतम नगर तक सफाई टीम पहुंच चुकी है! आगे इस नाला की सफाई शिवाजी नगर जोन के अंतर्गत आने वाले अंतिम सीमा क्षेत्र करुणा अस्पताल तक की जाएगी! जोन आयुक्त ने उपस्थित रहकर नाला सफाई कार्य का जायजा लिया! उन्होंने सफाई कर्मचारियों से पूछा कि पूर्ण रूप से कब तक नाला की सफाई कर दी जाएगी इस पर स्वच्छता कर्मचारियों ने 20 दिवस के भीतर सफाई कार्य पूर्ण करने की जानकारी दी! तेलहानाला की सफाई के लिए 26 सफाई कर्मचारियों को इस कार्य पर लगाया गया है! जहां भी नाला की सफाई के लिए जेसीबी की आवश्यकता होती है वहां जेसीबी के माध्यम से सफाई कराई जा रही है! ताकि बारिश के दिनों में कचरे की वजह से नाला में जल प्रवाह में कोई रुकावट उत्पन्न न हो! शहीद वीर नारायण सिंह नगर से करुणा अस्पताल तक नाला की दूरी लगभग 2 किलोमीटर बताई जा रही है , जिसका सफाई अभियान चलाया जा रहा है!

तेलहानाला में होगा चैनेलाइजेशन का कार्य , बारिश में जलभराव से मिलेगी मुक्ति जोन क्रमांक 3 मदर टैरेसा नगर क्षेत्र अंतर्गत करुणा अस्पताल के पास से संतोषी पारा , गौरव पथ रोड तक चैनेलाइजेशन का कार्य किया जाना है! कार्य की प्रगति को लेकर निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने क्षेत्र का दौरा भी किया है! यह नाला बस्तियों के बीच से होकर गुजरता है! बारिश के दिनों में जलभराव होने की संभावना यहां प्रबल हो जाती है! इसके निराकरण के लिए मदर टैरेसा नगर क्षेत्र अंतर्गत 600 मीटर तक की दूरी में स्वीकृत राशि 3 करोड़ की लागत से चैनेलाइजेशन का कार्य किया जाएगा! कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने निगमायुक्त निर्देश दे चुके है! जोन के कार्यपालन अभियंता डीके वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि एजेंसी को एग्रीमेंट के लिए पत्र जारी किया जा चुका है एग्रीमेंट पूर्ण होते ही कार्य प्रारंभ कराया जाएगा! मदर टैरेसा नगर क्षेत्र अंतर्गत गुजरने वाला यह नाला घनी बस्तियों से होकर गुजरता है बारिश के दिनों में संतोषी पारा क्षेत्र के शर्मा कॉलोनी , विवेकानंद नगर तथा पुराना दारु भट्टी के पास जलभराव की शिकायतें प्राप्त होती है! चैनेलाइजेशन का कार्य पूर्ण हो जाने से यहां के रहवासियों को जलभराव से निजात मिल जाएगा! नाला क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त प्रीति सिंह मौजूद रही!

जनसंपर्क अधिकारी